# अरविंद, नीलम ने इंडियन ओपन मैराथन जीती

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के अरविंद कुमार यादव और महाराष्ट्र की नीलम मारुति कदम ने रविवार को यहां मवाना शुगर्स इंडियन ओपन मैराथन का क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। सुबह काफी सर्दी होने के बावजूद मैराथन में 12500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। अरविंद और नीलम को मैराथन वर्ग में खिताब जीतने के लिए ढाई-ढाई लाख रुपए और उनके वजन के बराबर मवाना शुगर क्यूब्स दी गई। पिछले साल के उपविजेता अरविंद ने दो घंटे 21 मिनट और 44 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता। महिला वर्ग में नीलम ने तीन घंटे एक मिनट और दो सेकेंड का समय लिया। हाफ मैराथन पुरुष वेटरन वर्ग में जवाहर प्रसाद ने एक घंटे 20 मिनट और 57 सेकेंड के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि महिला वेटरन वर्ग में नीलू गुप्ता ने एक घंटे 24 मिनट और 37 सेकेंड के साथ खिताब अपने नाम किया। हाफ मैराथन पुरुष वर्ग में विश्राम मीणा एक घंटे छह मिनट और 31 सेकेंड के साथ शीर्ष पर रहे जबकि महिला वर्ग में किरण तिवारी ने एक घंटे 20 मिनट और 36 सेकेंड के साथ खिताब जीता।